महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में प्रदेश की आठ बेटियाँ दिखाएंगी दम

चर्चा में क्यों?

27 फरवरी, 2023 को बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने नई दिल्ली में आयोजित होने वाले महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिये भारतीय टीम की घोषणा की, जिसमें हरियाणा की 8 मुक्केबाज शामिल हैं।

प्रमुख बिंदु

- विदित है कि 15 से 26 मार्च तक इंदिरा गांधी इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स नई दिल्ली में महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी।
- चैंपियनशिप के लिये बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने भारतीय टीम में कुल 12 महिला मुक्केबाजों का चयन किया है, जिसमें आठ हरियाणा की हैं। आठ में से पाँच मुक्केबाज भिवानी ज़िले की हैं, जो कि अब तक के इतिहास में पहली बार हुआ है।
- इस द्विवार्षिक वैश्विक प्रतियोगिता में 74 से अधिक देशों के 350 से अधिक मुक्केबाज भाग लेंगे, जबकि पिछली प्रतियोगिता में 73 देशों के 310 मुक्केबाजों ने भाग लिया था।
- गौरतलब है कि रूस और बेलारूस के मुक्केबाजों की उपस्थिति के कारण अब तक 10 देशों ने नई दिल्ली में 15 से 26 मार्च तक होने वाली महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 के बहिष्कार की घोषणा की है। इसमें यूएसए, यूके, आयरलैंड, पोलैंड, स्विट्जरलैंड, कनाडा, स्वीडन, नीदरलैंड, चेक गणराज्य, यूक्रेन शामिल हैं।
- उल्लेखनीय है कि भारत तीसरी बार महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। इससे पहले वर्ष 2006 में ताल कटोरा स्टेडियम दिल्ली में और 2018 में आईजी स्टेडियम नई दिल्ली में चैंपियनशिप आयोजित हुई थी।
- महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में कुल पुरस्कार 20 करोड़ रुपए है। चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल के लिये 95 करोड़, सिल्वर मेडल के लिये 4.96 करोड़ और ब्रॉन्ज मेडल के लिये 4.96 करोड़ रुपए हैं।
- महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिये भारत की राष्ट्रीय टीम:
    - नीतू घनघस (48 किग्रा), भिवानी।
    - निखत जरीन (50 किग्रा), तेलंगाना।
    - साक्षी ढांडा (52 किग्रा), भिवानी।
    - प्रीति पंवार (54 किग्रा), भिवानी।
    - मनीषा मौन (57 किग्रा), कैथल।
    - जैस्मिन लंबोरिया (60 किग्रा), भिवानी।
    - शशि चोपड़ा (63 किग्रा), हिसार।
    - मंजू बोम्बोरिया (66 किग्रा), मध्य प्रदेश।
    - सनामाचा चानू (70 किग्रा), मणिपुर।
    - लवलीना बोर्गोहेन (75 किग्रा), असम।
    - स्वीटी बूरा (81 किग्रा) हिसार।
    - नुपुर श्योराण (81 किग्रा से अधिक), भिवानी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/eight-daughters-of-the-state-will-show-their-strength-in-the-women-s-world-boxing-championship